an>

Title: Issue regarding increasing incidents of crimes in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : अधिष्ठाता महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, यह आपने बहुत अच्छा किया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, देश के कई राज्यों में हत्या और अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। विशेषकर बिहार में पिछले तीन महीने से लगातार संगठित आपराधिक गिरोहों द्वारा राजनीतिक हत्याएं हो रही हैं। वहाँ आम लोगों की सरेआम हत्याएं हो रही हैं। वहाँ महिलाओं के साथ बलात्कार एवं भीषण अत्याचार का दौर जारी है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि बिहार में विपक्षी दलों के तीन नेताओं की हत्या हुई। बिहार के अन्दर एक बड़ी राजनीतिक हत्या अभी हाल ही में हुई है। भारतीय जनता पार्टी के नेता विशेश्वर ओझा की हत्या हुई, लोजपा के नेता बृजनाथी सिंह की हत्या हुई और इनके सभी हत्यारों एवं षड़यंत्रकारियों को आज तक पकड़ा नहीं गया है। हम सीबीआई से उक्त हत्याकांड की जाँच कराने की माँग को लेकर बक्सर में एक दिवसीय अनशन पर भी बैठे थे।

महोदय, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि हमारे बक्सर संसदीय क्षेत्र सहित राज्य के अन्य जिलों में प्रतिदिन तीन हत्याएं हो रही हैं। बिहार में 600 से भी ज्यादा हत्याएं पिछले तीन महीने के अन्दर हुई हैं और बिहार की सरकार हाथ पर हाथ धरकर बैठी हुई है। उनके ही एक वरिष्ठ पूर्व मंत्री एवं सत्ताधारी विधायकâ€¦ * ने एक लड़की के साथ बलात्कार किया, लेकिन आज तक उस बलात्कारी विधायक को गिरफ्तार नहीं किया गया। उसे सरकार का संरक्षण प्राप्त है। यहाँ तक कि हमारे क्षेत्र के नवानगर की दलित, गूँगी, बहरी, 16 साल की बच्ची के साथ बलात्कार हुआ और आज तक उन बलात्कारियों को सजा नहीं दी गई और न ही मेडिकल जाँच की सही रिपोर्ट दी गई है, जबकि सारे साक्ष्य आज भी मौजूद हैं। यह किस बात की सरकार है, बिहार में आज जंगलराज-2 की स्थिति फिर से तैयार हो गई है। बिहार में फिर से वही जंगलराज पैदा हो गया है।

मैं भारत सरकार से विशेषकर राष्ट्रपति महोदय से अपील करना चाहता हूँ कि बिहार को जंगलराज-2 से बचाएं, जिससे बिहार के लोग अमन-चैन से जी सकें। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Ashwini Kumar Choubey.